फैक्स/आवश्यक/महत्वपूर्ण/शीर्ष प्राथमिकता

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश।

1-तिलकमार्ग लखनऊ।

संख्या-डीजी-चार-101(102)/2016(पदोन्नति) दिनाँकः लखनऊः अक्टूबर 21, 2016

## शुद्धिपत्र

इस मुख्यालय के समसंख्यक आदेश दिनाँक 20–10–2016 द्वारा उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक और निरीक्षक(नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली–2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा निम्नलिखित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाए जाने एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदित किये जाने के फलस्वरूप उन्हें उनके वर्तमान नियुक्ति के स्थान से उनके नाम के सम्मुख अंकित जोन/इकाई में समायोजित करते हुये नवनियुक्त स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

उक्त आदेश के क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना द्वारा अपने पत्र संख्या–1–ई/प–7–4/2016 दिनाँक 21–10–2016 द्वारा अभिसूचना विभाग के निम्नलिखित उपनिरीक्षकों के एल0आई0यू0 में नियुक्त होने के कारण समांक आदेश दिनाँक 20–10–2016 द्वारा आवंटित किया गया जोन निरस्त करते हुये उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही पदोन्नति आदेश निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः इस मुख्यालय के समसंख्यक आदेश दिनाँक 20–10–2016 द्वारा निम्नलिखित उपनिरीक्षकों का कालम संख्या–8 से कालम संख्या–9 में आवंटित जोन तत्कालिक प्रभाव से निरस्त करते हुये उक्त उपनिरीक्षकों को उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही अभिसूचना इकाई में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रोन्नति प्रदान किये जाने का आदेश पारित किया जाता है। यह प्रोन्नति रिट याचिका संख्या–1645/2015 अरविन्द कुमार व 70 अन्य, 4626/2015 संतोष कुमार वैश्य व 18 अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य तथा समान प्रकृति की अन्य रिट याचिकाओं में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होगी। अतः उक्त आदेश को उपरोक्तानुसार संशोधित समझा जाए।

| क्र0 सं0 | आदेश का क्रमाँक | पीएनओ | नाम | जन्म तिथि | गृह जनपद | वर्तमान तैनाती जनपद/इकाई | जोन | आवंटित जोन | संशोधित इकाई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 4 | 982491113 | विमल कुमार | 01/01/1960 | KND | LIU MTA | AGA | AGA | INT HQ |
| 2 | 14 | 982930135 | सुनीता गुप्ता | 25/08/1966 | ETH | LIU MTA | AGA | AGA | INT HQ |
| 3 | 16 | 982491487 | अजय कुमार सिह | 26/11/1966 | FGH | LIU MTA | AGA | AGA | INT HQ |
| 4 | 17 | 002540030 | बीना यादव | 02/09/1967 | BHR | LIU AGA | AGA | AGA | INT HQ |
| 5 | 22 | 982290316 | अनिल कुमार | 05/09/1969 | FRZ | LIU AIH | AGA | AGA | INT HQ |
| 6 | 23 | 002510037 | इशाक अली | 01/01/1972 | ZUF | LIU MTA | AGA | AGA | INT HQ |
| 7 | 25 | 002010351 | दीपक भारद्वाज | 18/08/1972 | FRZ | LIU AIH | AGA | AGA | INT HQ |
| 8 | 27 | 982491517 | अमित कुमार | 01/03/1974 | AIH | LIU MTA | AGA | AGA | INT HQ |
| 9 | 32 | 993020014 | लोकेश कुमार | 30/05/1976 | DELHI | LIU AIH | AGA | AGA | INT HQ |
| 10 | 70 | 002120182 | श्रीमती तुलसी ठाकुर | 02/07/1964 | NTL | LIU BRY | BRY | BRY | INT HQ |
| 11 | 73 | 982672341 | ग्रीश चन्द्र यादव | 07/10/1964 | FRZ | LIU SHA | BRY | BRY | INT HQ |
| 12 | 85 | 982142516 | मुकेश कुमार | 01/07/1969 | BPT | LIU BJR | BRY | BRY | INT HQ |
| 13 | 96 | 982142529 | सुशील कुमार शर्मा | 16/06/1973 | BHR | LIU BJR | BRY | ALD | INT HQ |
| 14 | 116 | 982321575 | गुलाब मिश्र | 05/12/1962 | MZR | LIU GKR | GKR | GKR | INT HQ |
| 15 | 150 | 980820125 | दौलत प्रसाद | 05/06/1971 | KSJ | LIU KNJ | KNR | KNR | INT HQ |
| 16 | 194 | 982050185 | राम निवास यादव | 01/07/1966 | GZR | LIU BBK | LKW | LKW | INT HQ |
| 17 | 226 | 012461572 | दिनेश कुमार डोन्डियाल | 14/12/1978 | YAMUNA NAGAR | LIU LKW | LKW | GKR | INT HQ |
| 18 | 229 | 012760914 | मनोज जग्गी | 14/09/1979 | MRT | LIU LKW | LKW | GKR | INT HQ |
| 19 | 230 | 002460404 | अविनाश सक्सेना | 28/11/1980 | EWH | LIU LKW | LKW | VNS | INT HQ |
| 20 | 249 | 982650082 | संजय कुमार | 05/07/1964 | BJR | LIU SMI | MRT | VNS | INT HQ |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 275 | 982650835 | कु0 रीना शिशौदिया | 20/10/1972 | FRZ | LIU ZUF | MRT | AGA | INT HQ |
| 22 | 289 | 012510607 | श्रीमती रजनी | 13/12/1980 | DELHI | LIU MRT | MRT | VNS | INT HQ |
| 23 | 310 | 983000035 | विभा सिंह | 05/01/1967 | BEGUSARAI | LIU GZR | VNS | VNS | INT HQ |
| 24 | 312 | 980820038 | भूपेन्द्र सिन्हा | 25/12/1967 | JNR | LIU MZR | VNS | VNS | INT HQ |
| 25 | 315 | 002500111 | धीरेन्द्र सिंह | 15/01/1968 | CDI | LIU MAU | VNS | VNS | INT HQ |

2– पदोन्नति पाये उक्त निरीक्षक अपने नियुक्त स्थान पर कार्यभार ग्रहण करेंगें तथा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेंगे, जिसे सेवानियमावली के प्राविधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा आगे बढाया जा सकेगा। सफलता पूर्वक परिवीक्षाकाल पूर्ण करने पर सक्षम स्तर से इस हेतु आदेश निर्गत किये जायेंगे। पदोन्नति पाए कर्मियों के वर्तमान नियुक्ति का स्थान यदि स्थानान्तरण के कारण परिवर्तित हो गया हो तो संबंधित जनपद प्रभारी उन्हें अपने स्तर से सूचित करते हुये नवनियुक्त स्थान पर उन्हें कार्यभार ग्रहण करने हेतु सूचित करेंगे। इन कर्मियों के स्थानान्तरण के संबंध में अभिसूचना मुख्यालय द्वारा अलग से आदेश निर्गत किये जायेंगे।

3– पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व संबंधित उपनिरीक्षक से संलग्न प्रारूप(क)में स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्या–13/21/89–का–1–1997 दिनॉक 28–5–1997 के खण्ड–2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियॉः–

(क)यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है।

(ख)यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिए आरोप–पत्र जारी किया जा चुका है।

(ग)यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप–पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है।

उपरोक्त तीनों परिस्थितियॉं सम्बन्धित उपनिरीक्षक के विरूद्ध विद्यमान न हों।

4– यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉं विद्यमान नहीं है तो सम्बन्धित उपनिरीक्षक ना0पु0 को निरीक्षक ना0पु0 के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉं विद्यमान पायी जाती हैं तो संबंधित उपनिरीक्षक के पदोन्नति आदेश का क्रियान्वयन न कराया जाये तथा सम्पूर्ण तथ्यों सहित पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद व इस मुख्यालय को आख्या उपलब्ध कराते हुये दिशा–निर्देश प्राप्त किया जायेगा।

5– यदि सम्बन्धित उपनिरीक्षक द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित उपनिरीक्षक के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस जनपद/इकाई द्वारा की जायेगी, जहॉं पर संबंधित उपनिरीक्षक द्वारा स्वघोषणा–पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सहित सम्बन्धित कर्मी को पदावनत किये जाने के संबंध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख पुलिस मुख्यालय व इस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

6– आदेश की प्रति उ0प्र0 पुलिस की बेबसाइट http://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

संलग्नक–प्रारूप(क)

21.10.16

(वी0के0गर्ग)
पुलिस उपमहानिरीक्षक(कार्मिक)
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को उपरोक्त सन्दर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–अपर पुलिस महानिदेशक, अभिसूचना मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ ।

2–समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0।

3–समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।

4–सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।

5–पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद।

6–पुलिस उपमहानिरीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ को उनके सन्दर्भित पत्र दिनॉक 21–10–2016 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

7–वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद मथुरा, आगरा, अलीगढ, बरेली, शाहजहॉपुर, बिजनौर, गोरखपुर, कन्नौज, बाराबंकी, लखनऊ, शामली, मुज़फ्फरनगर, मेरठ, गाजीपुर, मिर्जापुर, एवं मऊ को इस मुख्यालय के समसंख्यक आदेश दिनॉक 20–10–2016 के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।